**प्रदर्शन** | केंद्र सरकार के खिलाफ लगाए नारे

# राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन



**नवभारत,पनागर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, नगर कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक युवक कांग्रेस के संयुक्त नेतृत्व में गुरुवार को गांधी स्मारक (नगर पालिका परिसर के सामने) राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी नाराजगी व्यक्त की।

धरने को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि छात्रों के मुद्दों को दबाया जा रहा है तथा विपक्ष की आवाज को भी दबाने का प्रयास किया जा रहा है। वक्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करने वालों पर कार्रवाई करना उचित नहीं है। कार्यक्रम को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, तुलसीराम कुशवाहा, विमल जैन, सीताराम कुशवाहा, विनोद श्रीवास्तव, प्रवीण चौबे, सुनील प्रजापति, पूर्व नगर अध्यक्ष, तथा नगर कांग्रेस कमेटी पनागर के अध्यक्ष स्वप्निल सिंह ठाकुर सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया। प्रदर्शन के दौरान केंद्र सरकार के विरोध में नारे लगाए गए। धरना लगभग साढ़े तीन घंटे तक चला, जबकि आभार प्रदर्शन ब्लॉक युवक कांग्रेस अध्यक्ष आकाश प्रजापति ने किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदीप पटेल, अशोक श्रीवास्तव, महेंद्र पटेल, विमल जैन, विजय पटेल, प्रमोद पटेल, बाबू खान, टिक्कू कुशवाहा, सेकी यादव, राजेंद्र पटेल, करण पटेल, सुभाष पटेल, कृष्ण केवट, राजेंद्र वाल्मिक, राकेश चक्रवर्ती, विजय राय, कुंदन सिंह, अर्जुन कुशवाहा, सुरेंद्र तिवारी, राजू महोबिया, बेड़ीलाल चौधरी, अनिल यादव, परवीन बेगम, अंश कुशवाहा, शंभू नामदेव, गोविंद गोटिया, बबलू कुशवाहा, भारत दहिया, राजकुमार चक्रवर्ती, मुकेश प्रजापति, जावेद अली, रेहान अली, डॉ. राम सिंह ठाकुर, श्याम सुंदर कुड़ी, मनोज पहलवान, नरेश रजक, संतोष प्रजापति, अविनाश सेन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# पेट्रोलिंग वाहन कर रहा बाजार की सैर, हादसे हुए तो जिम्मेदार कौन?

▶ हाइवे की सुरक्षा राम भरोसे!

**नवभारत,सिहोरा।** सिहोरा-जबलपुर हाईवे पर आम लोगों की सुरक्षा भगवान भरोसे छोड़ दी गई है। हाइवे पर पेट्रोलिंग और दुर्घटना में फंसे लोगों को तुरंत मदद पहुंचाने वाला विभागीय वाहन पिछले कई दिनों से अपनी जिम्मेदारी भूलकर सिहोरा के लोकल बाजार में चक्कर लगा रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक यह वाहन हाइवे पर गश्त करने के बजाय दिनभर शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों और बाजार में खड़ा या घूमता दिखाई दे रहा है। सवाल ये है कि अगर हाईवे पर कोई बड़ा हादसा हो गया तो घायलों तक मदद कौन पहुंचाएगा? एंबुलेंस और रेस्क्यू के लिए कीमती समय बर्बाद होगा और उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। हाईवे पर रोजाना सैकड़ों तेज रफ्तार वाहन दौड़ते हैं। ऐसे में पेट्रोलिंग वाहन का ड्यूटी से गायब रहना सीधे तौर पर लापरवाही है। आम जनता में इसको लेकर भारी आक्रोश है। प्रशासन और संबंधित विभाग के अधिकारियों से मांग है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत संज्ञान लिया जाए। दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई कर वाहन को तुरंत हाईवे ड्यूटी पर लगाया जाए। वरना किसी बड़े हादसे के बाद सिर्फ अफसोस जताने से काम नहीं चलेगा।

## एक नजर में

### निशांतपुरा स्टेशन में रुकेगी सोमनाथ एक्सप्रेस

**नवभारत,भोपाल।** राजधानी के निशातपुरा रेलवे स्टेशन का 26 जुलाई को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। करोड़ों रुपये की लागत से तैयार यह स्टेशन पिछले दो वर्षों से ट्रेनों के ठहराव का इंतजार कर रहा था। रेल मंत्रालय ने फिलहाल जबलपुर-वेरावल (सोमनाथ) एक्सप्रेस और इंदौर-जम्मू तवी एक्सप्रेस के निशातपुरा स्टेशन पर ठहराव को मंजूरी दे दी है, जिससे स्टेशन का नियमित संचालन शुरू हो सकेगा। क्षेत्रीय सांसद आलोक शर्मा ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में केंद्रीय रेल मंत्री से मुलाकात कर स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग रखी थी, जिसके बाद दोनों ट्रेनों के स्टॉपेज को स्वीकृति मिली। उन्होंने कहा कि इन ट्रेनों के संचालन से निशातपुरा और आसपास के करीब तीन लाख लोगों को सीधी रेल सुविधा का लाभ मिलेगा तथा यात्रियों को भोपाल मुख्य स्टेशन पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

### प्रमोशन में आरक्षण पर सुनवाई तीन अगस्त को

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश में प्रमोशन में आरक्षण से जुड़े बहुचर्चित मामले में मंगलवार को हाईकोर्ट में नया मोड़ आया। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस विनय सराफ की विशेष युगलपीठ ने स्पष्ट किया कि इस मामले की सुनवाई अब 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण प्रकरण में बहस पूरी होने के बाद की जाएगी।

### शफिया बेगम का निधन



**नवभारत, जबलपुर।** चौथा पुल निवासी शफिया बेग़म का बुधवार को दु:खद निधन हो गया। उन्हें आज दोपहर 2 बजे मंडी मदार टेकरी कब्रिस्तान मे सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। वह दिवंगत रफीक सिद्दीकी की पत्नी और शफीक व शादाब की माता थी।

# 10 साल से सड़क का इंतजार, शिकायतें बेअसर

**डिंडौरी, नवभारत 22 जुलाई।** जिले के समनापुर ग्राम में पिछले एक दशक से बदहाल पड़े एक प्रमुख मार्ग के निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश सामने आया है। मंगलवार को ग्रामवासियों ने कलेक्टर के नाम सामूहिक आवेदन सौंपकर आदर्श मोहल्ला गंगू टोला रोड का शीघ्र निर्माण कराने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले 10 वर्षों से यह सड़क पूरी तरह जर्जर और कच्ची पड़ी है, लेकिन पंचायत से लेकर जनपद स्तर तक किसी ने इसकी सुध नहीं ली।



### भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है

आवेदन में बताया गया है कि इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आवागमन होता है। बारिश के दिनों में सड़क की स्थिति और भी खराब हो जाती है, जिससे आम नागरिकों, विद्यार्थियों, बुजुर्गों और मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### 20 से अधिक शिकायतें दर्ज कराई

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस सड़क के निर्माण को लेकर अब तक सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न मंचों पर 20 से अधिक शिकायतें दर्ज कराई जा चुकी हैं, लेकिन किसी भी शिकायत पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि संबंधित विभागों ने इस मार्ग के निर्माण से मानो हाथ खड़े कर दिए हैं।

### जनआंदोलन की दी चेतावनी

ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि मामले का व्यक्तिगत संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों से तत्काल सड़क का सर्वे कराया जाए और निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए जाएं। अन्यथा की स्थिति में ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे लोकतांत्रिक तरीके से व्यापक जनआंदोलन करने को विवश होंगे।

## उत्कृष्ट विद्यालय को सांदीपनि विद्यालय में उन्नयन करने की उठी मांग

**नैनपुर।** नैनपुर क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उत्कृष्ट विद्यालय नैनपुर को संदीपनि विद्यालय में उन्नयन किए जाने की मांग उठाई गई है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि मध्य प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप प्रत्येक क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं से युक्त संदीपनि विद्यालय स्थापित किए जाने चाहिए, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। बताया गया कि पहले प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक संदीपनि विद्यालय स्थापित करने की योजना के तहत नैनपुर से लगभग 20 किलोमीटर दूर चिरईडोंगरी में विद्यालय संचालित किया गया।

# बड़ी खेरमाई मंदिर में आज होगी महाआरती एवं छप्पन भोग



**नवभारत, पनागर।** भगतसिंह वार्ड स्थित बड़ी खेरमाई मंदिर में गुप्त नवरात्रि के अंतिम दिवस गुरुवार, 23 जुलाई 2026 को शाम 7 बजे भव्य महाआरती एवं छप्पन भोग का आयोजन किया जाएगा।

बड़ी खेरमाई आरती समिति, पनागर द्वारा आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मां खेरमाई का आशीर्वाद प्राप्त करने एवं पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की गई है। समिति के सदस्यों में भूरा साहू, शुभम प्रजापति, सचिन प्रजापति, राजेश सोनी, अमर साहू, महक बंसल, शिवांशु प्रजापति, ढोलक मास्टर, बल्लू बंशकार, समीर बंशकार, अनुज चौरसिया, अनमोल बर्मन, सिद्धू बर्मन, काजल बर्मन, श्रद्धा चौधरी, रानी, लालू ताम्रकार, सुरेश साहू, बाबा सोनी, प्रियांशु गौतम, राजेश केसरवानी, डुग्गू ढोलक मास्टर, सूरज ढोलक मास्टर, श्रद्धा, रानी एवं परी सहित अन्य सदस्यों ने सभी श्रद्धालुओं से समय पर कार्यक्रम में पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने का अनुरोध किया है।

# जिम्मेदारों पर कार्यवाही करने की मांग



**अमरपुर नवभारत 22 जुलाई।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर द्वारा देश के बिगड़ी शिक्षा व्यवस्था एवं बार-बार प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होने उपरांत देश भर के छात्र-छात्राओं द्वारा विरोध प्रदर्शन कर देश के शिक्षा मंत्री का त्यागपत्र मांगा गया।

लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष द्वारा प्रधानमंत्री आवास पर प्रदर्शन करने पर बलपूर्वक उन्हें हटाया एवं हिरासत में लिया गया। साथ ही छात्र-छात्राओं पर हुई क्रूरता पर जिम्मेदारों पर कार्यवाही करने की मांग करते हुए राष्ट्रपति के नाम उप तहसील कार्यालय अमरपुर पहुंचकर प्रियांशी जैन डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

**इनकी रही उपस्थिति-** ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर, ब्लॉक उपाध्यक्ष शकील अहमद, ब्लॉक संगठन मंत्री शाहिद तुर्क, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष हेमंत हरदहा, कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग शहपुरा विधानसभा अध्यक्ष देव सिंह भारती, अमरपुर मंडलम अध्यक्ष संदीप शाह परस्ते, मंडलम अध्यक्ष गणेश पुषाम, प्रदीप वनवासी, प्रशांत ठाकुर, रामराज ठाकुर, सुदीप बर्मन, कमलेश विश्वकर्मा आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मौहार दफाई में अचानक धंसा मकान, परिवार ने भागकर बचाई जान

**नौरोजाबाद नवभारत 22 जुलाई।** जिले के नौरोजाबाद नगर परिषद के वार्ड क्रमांक-5 स्थित मौहार दफाई में शनिवार को एक मकान अचानक धंसकर भरभराकर गिर गया। हादसे के समय घर में मौजूद परिवार के सभी सदस्य समय रहते बाहर निकल आए, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घर में बंधे मवेशियों को भी सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

मकान गिरने की घटना से परिवार और आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंच गए। मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने से परिवार के सामने रहने की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है।



### नुकसान का आकलन कर कार्रवाई की जाएगी

मकान मालिक लामू ने बताया कि घर अचानक धंसने लगा, जिसके बाद सभी लोग तुरंत बाहर निकल आए। मवेशियों को भी सुरक्षित निकाल लिया गया, लेकिन अब सबसे बड़ी चिंता रहने के लिए सुरक्षित स्थान की है। मामले में एसडीएम मीनाक्षी इंगले ने तहसीलदार और पटवारी को मौके पर जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एक दिन काम कराकर निकाला सात दिन का मस्टर रोल, मजदूरों में आक्रोश

**नारायणगंज।** जिले के जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बरबटी में चल रहे अमृत सरोवर बांध निर्माण कार्य में भारी मनमानी और अनियमितता बरती जा रही है। शासन की इस महत्वपूर्ण योजना में रोजगार न मिलने और फर्जी मस्टर रोल निकाले जाने से आक्रोशित दर्जनों महिला मजदूरों ने पंचायत भवन पहुंचकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया।



जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत बरबटी में अमृत सरोवर बांध निर्माण कार्य में मनमानी के विरोध में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं पंचायत भवन पहुंचकर आक्रोश व्यक्त की। प्रदर्शन कर रही महिलाओं का आरोप है कि उन्हें अमृत सरोवर बांध में केवल एक दिन का काम दिया गया, जबकि मस्टर रोल पूरे सात दिन का निकाला गया है। इससे मजदूरों को सीधे तौर पर छह दिन की मजदूरी का नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि जब वे इस मुद्दे पर बात करने और अपना हक मांगने पंचायत भवन पहुंचे, तो पंचायत में मौजूद जिम्मेदार और सचिव कार्यालय में ताला लगाकर वहां से भाग निकले। पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा काम बंद करने के पीछे पैसे खत्म होने का हवाला दिया जा रहा है। मजदूरों का कहना है कि शासन और अधिकारियों ने पूर्व में आश्वासन दिया था कि यह काम लगातार करीब 2 वर्ष तक चलेगा, लेकिन महज कुछ महीने में ही अचानक काम रोक दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें लगातार एक सप्ताह तक काम मिलना चाहिए था। काम बंद होने से उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

# बिना सूचना स्थानांतरित हुआ डाकघर, भटक रहे हितग्राही

**नारायणगंज।** नगर नारायणगंज स्थित डाकघर के हाल ही में एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरण किए जाने के बाद आम नागरिकों और हितग्राहियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। डाकघर का स्थान बदलने के बावजूद विभाग की ओर से पुराने कार्यालय परिसर में नए पते संबंधी कोई सूचना चस्पा नहीं की गई है और न ही नए कार्यालय के बाहर कोई स्पष्ट सूचना पटल या संकेतक लगाया गया है।

इस कारण प्रतिदिन डाकघर पहुंचने वाले हितग्राही पुराने कार्यालय तक पहुंचकर वापस लौटने को मजबूर हो रहे हैं। कई लोगों को नए कार्यालय की जानकारी नहीं होने से उन्हें काफी समय तक इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले बुजुर्ग, महिलाएं और अन्य हितग्राही सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पुराने कार्यालय स्थल पर नए पते की सूचना और दिशा-निर्देश वाला बोर्ड लगाया जाता तो लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। विभाग की इस लापरवाही से आमजन में नाराजगी देखी जा रही है।

### हितग्राहियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो

नागरिकों ने डाक विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि पुराने कार्यालय स्थल पर तत्काल सूचना पटल लगाया जाए तथा नए कार्यालय के बाहर भी स्पष्ट नाम-पट्ट एवं दिशा-सूचक बोर्ड स्थापित किए जाएं, ताकि हितग्राहियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और उन्हें डाक सेवाओं का लाभ



# मांगों को लेकर पटवारियों का आंदोलन हुआ तेज

**नौरोजाबाद नवभारत 22 जुलाई।** मध्य प्रदेश पटवारी संघ ने अपनी लंबे समय से लंबित पांच सूत्रीय मांगों के निराकरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए सरकार से जल्द कार्रवाई की अपील की है।

संघ का कहना है कि मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं होने के कारण प्रदेशभर का पटवारी संवर्ग चरणबद्ध आंदोलन के लिए मजबूर हो रहा है। पटवारी संघ की प्रमुख मांगों में कैडर रिव्यू तत्काल लागू करना, लंबित पदोन्नति एवं समयमान वेतनमान का लाभ देना, नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा शीघ्र आयोजित करना, जज प्रोटेक्शन एक्ट में पटवारियों को शामिल करना, विभिन्न योजनाओं के वर्षों से लंबित मानदेय का भुगतान तथा स्थानांतरण नीति के विपरीत किए संघ पदाधिकारियों के तबादले निरस्त करना शामिल है।

**जज प्रोटेक्शन एक्ट के दायरे में शामिल करने की मांग-** संघ का कहना है कि कैडर रिव्यू का प्रस्ताव वर्षों से शासन स्तर पर लंबित है, जबकि अन्य विभागों में पदोन्नतियां दी जा रही हैं। वहीं, नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा वर्ष 2018 के बाद आयोजित नहीं की गई है। इसके अलावा राजस्व न्यायालयीन मामलों में केवल प्रतिवेदन देने वाले पटवारियों पर सीधे एफआईआर दर्ज होने के मामलों को देखते हुए उन्हें भी जज प्रोटेक्शन एक्ट के दायरे में शामिल करने की मांग की गई है।

## उत्कृष्ट विद्यालय को सांदीपनि विद्यालय में उन्नयन करने की उठी मांग

**नैनपुर।** नैनपुर क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उत्कृष्ट विद्यालय नैनपुर को संदीपनि विद्यालय में उन्नयन किए जाने की मांग उठाई गई है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि मध्य प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप प्रत्येक क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं से युक्त संदीपनि विद्यालय स्थापित किए जाने चाहिए, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। बताया गया कि पहले प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक संदीपनि विद्यालय स्थापित करने की योजना के तहत नैनपुर से लगभग 20 किलोमीटर दूर चिरईडोंगरी में विद्यालय संचालित किया गया। दूरी अधिक होने के कारण नैनपुर नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के अनेक विद्यार्थियों को वहां प्रवेश लेने और नियमित अध्ययन करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

**लापरवाही** | समय पर नहीं पहुंचते सचिव-सरपंच, ग्रामीणों के जरूरी काम प्रभावित

# कंचनपुर पंचायत कार्यालय में लटका रहता है ताला

**शहपुरा नवभारत 22 जुलाई।** जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत कंचनपुर में पंचायत कार्यालय के समय पर नहीं खुलने और सचिव-सरपंच की अनुपस्थिति को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत भवन अक्सर बंद रहता है, जिससे आमजन के जरूरी शासकीय कार्य समय पर नहीं हो पा रहे हैं। पंचायत कार्यालय के बाहर ताला लटका रहने से दूर-दराज के गांवों से आने वाले लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता है और कई बार बिना काम कराए ही वापस लौटना पड़ता है।




### ग्रामीण लगा रहे कार्यालय के चक्कर

ग्रामीणों के अनुसार पंचायत कार्यालय कभी-कभार ही निर्धारित समय पर खुलता है। जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, पेंशन, मनरेगा, निर्माण कार्यों के भुगतान, प्रधानमंत्री आवास, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं सहित अन्य पंचायत संबंधी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इससे ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ बार-बार पंचायत के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

### सचिव व सरपंच की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए

22 जुलाई को सुबह 11:10 बजे ली गई तस्वीरों में ग्राम पंचायत कंचनपुर कार्यालय के मुख्य द्वार और कार्यालय कक्षों पर ताला स्पष्ट दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई एक दिन की स्थिति नहीं है, बल्कि लंबे समय से पंचायत कार्यालय का यही हाल है। ग्रामीणों ने मांग की है कि पंचायत कार्यालय नियमित समय पर खोला जाए तथा सचिव और सरपंच की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।